an>

Title: Need to confer 'Bharat Ratna' on Late Chaudhary Charan Singh, former Prime Minister.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। आज मैं एक महत्वपूर्ण विÂषय आपके सामने रखना चाहता हूँ। आज पूरे देश में ग्रामोदय से लेकर भारत उदय, विकास के लिए लहर चल रही है। हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने गाँव, गरीब, किसान, गाँव के नौजवान के विकास के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। आज हमारी सरकार का पूरा ध्यान गाँव के विकास के लिए है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि अंतोदय का विकास होना चाहिए और इस देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी कहते थे कि किसी देश का विकास तभी होता है, जब उसका गाँव, गाँव का किसान खुशहाल हो। हमारी दोनों महान विभूतियों ने इस देश के लिए बड़ा योगदान दिया है, चाहे चौधरी चरण सिंह जी हों, चाहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी हों।

महोदया, बड़े सौभाग्य की बात है कि आज हमारे माननीय गृह मंत्री जी भी सदन में हैं। हमारी दोनों महान विभूतियों, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी और स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए मैं सरकार से आग्रह करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.पी.चौधरी, कुँवर पष्पÂपेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री भोला सिंह जी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।